भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2855
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देना

2855 श्री ईरण्ण कडाडी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करने के लिए कोई योजना/कार्यक्रम लागू किया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य सरकार को कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) कर्नाटक में पर्यटन के विकास के लिए तैयार की गई रूपरेखा सहित स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): राज्य-विशेष पर्यटन विकास फ्रेमवर्क तैयार करने सहित पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) की योजनाओं के तहत पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके विकास के उनके प्रयासों को सम्पूरित करता है। मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के तौर पर नया रूप दिया है। एसडी2.0 और प्रशाद योजनाओं के तहत कर्नाटक में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

कर्नाटक में एसडी 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाएं				
क्र. सं.	**गंतव्य**	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**	**स्वीकृति वर्ष**
1	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	26.30	2023-24
2	मैसूरू	"टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन"	4.12	2023-24
3	मैसूरू	"ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन"	18.36	2023-24

कर्नाटक में प्रशाद के तहत स्वीकृत परियोजनाएं		
स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**
2023-24	'श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास'	45.71

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों की विशेष सहायता योजना 2024-25 (एसएएससीआई),' के तहत हाल ही में कर्नाटक में 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष
1	रोरिक और देविका रानी एस्टेट टाटागुनी, बेंगलुरु में इकोपर्यटन और सांस्कृतिक हब	99.17	2024-25
2	सवदत्ती यल्लम्मगुड्डा, बेलगावी का विकास	100.00	2024-25

*****